वर्षः- 06
अंकः- 105
मुरादाबाद
(Tuesday)
04 August 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## बांकीपुर में PK को भारी बढ़त;मांजलपुर में जीती भाजपा, लेकिन दतिया में पिछड़ी

बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आज सामने आ जाएंगे। इसमें बिहार की बांकीपुर सीट पर भाजपा, राजद और जनसुराज के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है, जबकि मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर सीट पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। बांकीपुर सीट नितिन नवीन के इस्तीफे, दतिया सीट कांग्रेस विधायक की सदस्यता रद्द होने और मांजलपुर सीट भाजपा विधायक निधन के कारण खाली हुईं थीं। भाजपा

**नितिन नवीन की सीट पर पिछड़ी भाजपा**

| उपचुनाव | वजह | राउंड | कौन आगे | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| बांकीपुर (बिहार) | नितिन नवीन का इस्तीफा | 21/31 | प्रशांत किशोर (जनसुराज) | 11,893 |
| दतिया (मध्य प्रदेश) | कांग्रेस विधायक की अयोग्यता | 10/15 | घनश्याम सिंह (कांग्रेस) | 10,911 |
| मांजलपुर (गुजरात) | भाजपा विधायक का निधन | 19/20 | सतेंद्रभाई पटेल (भाजपा) | 30,567 |

प्रत्याशी सतेंद्रभाई पटेल ने 30,630 वोटों से हासिल की जीत। इस उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी भीखाभाई रबारी को 24,851 वोट मिले। जबकि 2247 लोगों ने नोटा चुना। तिया विधानसभा उपचुनाव में 10वें राउंड की मतगणना पूरी कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को 50,307 वोट भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 39,396 वोट आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को 13,273 वोटबांकीपुर में 21वें राउंड की गिनती पूरी जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर को 42,169 वोट भाजपा के प्रत्याशी नीरज कुमार को 30,276 वोट आरजेडी की प्रत्याशी रेखा कुमारी को 10,309 वोट दतिया विधानसभा उपचुनाव में नौवें राउंड की मतगणना पूरी कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को 44,958 वोट भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 35,439 वोट आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को 12,169 वोट

## सपा का हंगामा, बोले- चंदा चोर गद्दी छोड़; डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने दिया जवाब




विधान परिषद के मानसून सत्र के पहले दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मुद्दा गरमा गया। विपक्ष ने कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर सरकार को घेरा और सदन में नारेबाजी की। हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में सरकार ने जवाब दिया और प्रस्ताव आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मानसून सत्र के पहले दिन श्रीराम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। समाजवादी पार्टी ने नियम-105 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिए इस मुद्दे को उठाया। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य के जवाब देने के लिए खड़े होते ही सपा सदस्य वेल में पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। लगातार हंगामे के चलते सभापति ने सदन की कार्यवाही पहले 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। इस दौरान नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने शोर-शराबे के बीच अपना वक्तव्य जारी रखा। सभापति ने समाजवादी पार्टी का कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए मामले को अग्रिम कार्रवाई के लिए सरकार को संदर्भित करने की घोषणा की। इसके बाद विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर लौटे और सदन में व्यवस्था बहाल हुई।सपा पर हनुमान जी की गदा चलेगी- केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिन्होंने एक पैसा चंदा नहीं दिया, वह चंदा चोरी की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि बाबरी के नाम पर कितना चंदे के रूप में लिया गया है।सपा- कांग्रेस ने हमारे मंदिरों को तोड़ने का काम किया। 1992 में ढांचा ढहाने का हमें गर्व है। आने वाले समय में सपा पर हनुमान जी की गदा चलेगी। वहीं, राज बहादुर सिंह चंदेल ने विधान परिषद में शिक्षक नेता कर्मचारियों और रिटायर शिक्षकों को भी निशुल्क और कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल करने की मांग की। इस पर नेता सदन ने कहा कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद में मानसून सत्र के पहले दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला उठाया। नारेबाजी करते हुए सदन के फर्श पर उतरे। इसके चलते कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सपा ने कार्य स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से कहा कि श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के दान पात्र से चोरी का मामला वित्तीय अनियमितता और व्याप्त भ्रष्टाचार है। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विपक्ष के कार्य स्थगन के नोटिस का उत्तर देने की कोशिश की गई। इस पर सपा सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। साथ ही सदन के फर्श पर आ गए। स्थिति को देखते हुए सभापति मानवेंद्र सिंह ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।नियम 105 के अंतर्गत विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव, किरण पाल कश्यप ने कहा कि दान की वस्तु की चोरी करना पाप होता है। मामले में सरकार पुलिस की कार्यवाही लचर और नाकाफी रही। सिर्फ छोटे लोगों के विरुद्ध काम चलाऊ कार्रवाई की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

**मैंने क्या अपराध किया?: कथित हमले के बाद पप्पू यादव ने जताई हत्या की आशंका; सांसद के आरोपों से गरमाई सियासत**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के दिल्ली स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कथित चाकू से हमले और हंगामे के बाद राजनीतिक विवाद और गहरा गया है। पप्पू यादव और उनके वकील ने इसे सुनियोजित हत्या की साजिश बताते हुए दिल्ली पुलिस पर सुरक्षा में लापरवाही और सत्तारूढ़ दल के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव के दिल्ली स्थित आवास पर रविवार को कथित चाकू से हमले की घटना सामने आई। यह घटना राम मंदिर स्किट विवाद के बीच हुई, जिसके बाद पप्पू यादव के वकील ने दिल्ली पुलिस पर सत्तारूढ़ दल के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पहले से शिकायतें देने के बावजूद सांसद को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई। यह घटना उस समय हुई जब पप्पू यादव अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों और उनके समर्थकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि यह उन्हें मारने की सुनियोजित साजिश थी। क्या दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा देने में लापरवाही बरती? कथित सुरक्षा चूक पर प्रतिक्रिया देते हुए पप्पू यादव के वकील ने आरोप लगाया कि लगातार मिल रही धमकियों की जानकारी देने के बावजूद दिल्ली पुलिस ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। पता चलता है कि दिल्ली पुलिस सत्तारूढ़ दल के साथ मिलीभगत कर एक छह बार के निर्वाचित सांसद के खिलाफ रची जा रही

## जनता दर्शन में बोले सीएम योगी-जनसमस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं, पुलिस की जवाबदेही तय हो

यूपी के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के माध्यम से पूरे प्रदेश से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन के पहले सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान व मानसून सत्र के शासकीय दायित्वों के बीच भी जनसेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने सोमवार सुबह की शुरुआत 'जनता दर्शन' से की। प्रदेश के कई जनपदों से आए सभी लोगों से उन्होंने एक-एक कर मुलाकात की। उनके प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को प्रेषित करते हुए समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। पुलिस से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया



कि अपराधियों पर कार्रवाई और जनसमस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। 'जनता दर्शन' में पुलिस से जुड़ीं कई शिकायतें मिलीं, जिस पर मुख्यमंत्री काफी सख्त रहे। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने और मुकदमे में दबाव जैसी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शासन स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जनपदों में ऐसे मामले अधिक आ रहे हैं, वहां के पुलिस कप्तान की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी समस्या का शीघ्रता से निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए पहले परस्पर संवाद और फिर विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से किया जाए। हर समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

## काशी में कांवड़ियों का उमड़ा सैलाब, विश्वनाथ धाम में चार लाख भक्तों ने किए दर्शन



सावन का पहला सोमवार आज है। इस अवसर पर काशी के सभी मंदिरों में भक्तों की कतार लगी है। विश्वनाथ धाम में एक दिन पहले से कतार में खड़े शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर मंगल कामना की। इस दौरान मंदिर में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। सावन का पहले सोमवार पर काशी विश्वनाथ धाम समेत जिले के सभी शिव मंदिरों व शिवालयों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। विश्वनाथ धाम में भक्तों की लाइन एक दिन पहले ही लग गई थी। सोमवार की सुबह मंदिर में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। रविवार से ही चहुंओर बम बम भोले, हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। शिवधाम नगरी में कोई 50, कोई सौ किमी दूर से संकल्पित होकर आए कांवड़ियों का जत्था देवाधिदेव महादेव की भक्ति में लीन रहा।

पहले सोमवार को दोपहर तक करीब चार लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। यह संख्या अपने आप में एक रिकॉर्ड है, जो इस पवित्र महीने में मंदिर के प्रति भक्तों की अपार श्रद्धा को दर्शाती है।श्रीकाशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करने के लिए रात में ही कतारबद्ध होकर बारी के इंतजार में पूरी रात गुजारे। सोमवार की सुबह चार बजे भोर से जलाभिषेक शुरू हुआ। उधर, मार्कंडेय महादेव, महामृत्युंजय, तिलभांडेश्वर सहित सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भीड़ रही। वहीं, यादव बंधुओं का जत्था भी जलाभिषेक के लिए गौरी केदारेश्वर महादेव से जलाभिषेक यात्रा निकाला। 40 हजार से अधिक यादव बंधु शामिल हुए। 17 किमी की जलाभिषेक यात्रा कर बाबा विश्वनाथ सहित नौ शिवालयों व देवालयों जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान गंगा स्नान और शिवालयों में दर्शन करने का सिलसिला भी चला।

## 92वां दीक्षांत समारोहः किसान पिता की बात सुन राज्यपाल ने कहा- 'मैं भी किसान की बेटी हूं', बेटी को दी बधाई

आगरा विवि के 92वें दीक्षांत समारोह शुरू हो गया है। खंदारी कैंपस में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावियों को स्वर्ण-रजत पदक और उपाधियां प्रदान कर रही हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली फिरोजाबाद की प्रतिभा के पिता श्याम सुंदर से राज्यपाल ने आत्मीय बातचीत की। जब राज्यपाल ने उनसे पूछा कि वे क्या करते हैं, तो श्याम सुंदर ने बताया कि वे किसान परिवार से हैं। इस पर राज्यपाल ने कहा, मैं भी किसान की बेटी हूं। उन्होंने श्याम सुंदर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाकर इस मुकाम तक पहुंचाया है, यह बेहद प्रेरणादायक और प्रशंसनीय कार्य है। राज्यपाल ने प्रतिभा और उसके परिवार को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत



समारोह में आरबीएस कॉलेज के नरेंद्र सिंह ने सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक हासिल कर टॉप किया। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नरेंद्र सिंह को मंच पर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।राज्यपाल ने 14 से 15 साल की बालिकाओं के एंटी सर्वाइकल वैक्सीन शिविर का शुभारंभ भी किया। उन्होंने बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सरकार के अभियान की सराहना की। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपनी 14 से 15 साल की बेटियों को एंटी सर्वाइकल वैक्सीन लगवाने की अपील की।डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत समारोह का काउंटडाउन शुरू हो गया है। खंदारी कैंपस के शिवाजी मंडपम में समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुछ ही देर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण और रजत पदक के साथ उपाधियां प्रदान करेंगी।

## संपादकीय Editorial

### Fraudulent Land Purchases

An entire land mafia is active in land purchases, and the entire country is replete with blatant violations of Section 118. The matter became even more serious with Gaggal Airport, when a family from Jammu declared themselves Himachali residents on a hundred kanals of land. Surprisingly, where even a few marlas of land are difficult to purchase, a couple from Jammu occupied a hundred kanals. Several land sale hotspots have emerged across the state because a whole network has developed. This is obviously impossible without the connivance of the Land Revenue Department and political patronage. There has also been a long history of the emergence of landlords here after the Land Ceiling Act. Cities grew, but urbanization did not adapt. Farmland continued to be sold, but laws to protect agriculture were not enacted. The Muzara Act eliminated small landowners, but those who received land continued to trade. Similarly, the allotment of Nautod land became a means of land transactions rather than agricultural produce. The Land Ceiling Act, enacted with the intention of social upliftment, opened up land sales. As a result, cultivable farmland in the Kangra Valley, Kullu Valley, Hamirpur, Mandi, and Bilaspur began to yield to concrete. If land was taken away, the condition should have been that it would be used exclusively for agriculture. The sale of land is also a reflection of the declining interest in agriculture and horticulture. The weakness of the Forest Conservation Act has also altered the very nature of human activities. Monkeys and wild animals have led to the halting of agriculture on farms, and gardens have become mere stumps. The search for self-employment in commercial activities and the rampant expansion of tourism have also given rise to a land sales mafia. As tourism moves into the mountains, land is now being sold near water sources, near seepages, and on slopes. This is why land being sold below Manali, Kasauli, Dalhousie, McLeodganj, Nainadevi, Kullu, Mandi, and many other cities is destroying their very existence. Clearly, the Urban Development Department, the Village and Town Planning Department, the Land Revenue Department, the Tourism Department, the local administration, and political institutions are responsible for this situation. The development of Gaggal Airport, within the framework of urbanization, empowers the land mafia, but Himuda lacks the time to establish new towns. First, the plan to establish a satellite town near Chaituru was scuttled for political reasons, and then the possibility of a new town in Narghota was eliminated. There was a strong demand for a township in Narghota, but the entire project was scuttled. An investigation into the land mafia will expose numerous political figures, the various arms of the bureaucracy, a vast network of contractors, and numerous individuals violating the TCP. The political will to protect Himachal from the land mafia will only be evident if the entire state is brought under the TCP Act, new towns and settlements are established under the housing scheme, and non-agricultural land and forest land are also brought under land pooling. Restricting new construction within urban areas and at development points will provide some protection, otherwise the land-trading business in Himachal will continue to flourish. Therefore, the entire area of ??new development, including the establishment of airports, temples, medical colleges, and institutions, should be declared "SADA."

# A movement, many contradictions; new definitions forged amidst shattered illusions, and the truth of society emerging.

What was this? What was this? - Now that the noise of the streets has subsided into Parliament, this question may arise in the mind, observing the general appearance of Jantar Mantar. This movement was indeed historic in many ways. It introduced a new kind of India, a new society, the attitudes and concerns of a new generation. This movement presented so many contradictory images that it is mind-boggling. Who should be considered right and who wrong? This was an event that broke taboos, transformed society, and connected many scattered points. How many illusions were shattered and how many new definitions were written will determine whether this event becomes an exception or a foundation. First, let's talk about contradictions... The events at Jantar Mantar reached a breaking point, but they left so many reflections of contradictions and ironies that they will long be used to change mirrors and brighten faces. Call it the Gen Z movement, the student movement, youth outrage, the Cockroach Janata Party, the suppression of ego, the timing, the politics, the dust, or any number of other names you can come up with, but what happened is the truth. So many names because this movement had many faces and many truths. No single video, no single angle, no single crowd can truly portray the entire situation. Suddenly, so many layers, so many issues, so many motives, so many selfish interests, so many elements—so many students, so many youth, so many politicians, so many reel-makers, so many revelers, so many victims, so many neglected, so desperate, so many hopeless, so many celebrators, so many spectators—were added to it, it was mind-boggling. On one side, there were young people calling policemen "uncle" and handing them flowers, while on the other, there were young people shouting horrific abuses and shouting slogans. On one side, there were police and security personnel using batons, tear gas, and pellet guns against the youth, while on the other, there was a frenzied mob beating up police, security personnel, and journalists. On one hand, there was Sonam Wangchuk on a hunger strike, while on the other, there were groups of people enjoying themselves by feasting on burgers, pizza, and biryani.

This movement exposed the truth of society that we had long tried to hide under the covers. In this very process, bedroom jokes, passing through stand-up comedy, now resonated openly in the capital's atmosphere. The Allahabadi era, taking a turn from parents' bedrooms, finally reached Jantar Mantar.

In this very process, there was the ruling party, watching from afar and taking it lightly, while there was the opposition, cowering in despair.

In this movement, there were genuinely distressed students and youth frustrated with the system, while there were also ideologically misguided and incited youth, baking their own breads on the hot grid. For some, it was a matter of life and livelihood, while for others, it was mere curiosity. At the heart of all this stood a truth: that despite the change of leaders, ministers, and governments, the corrupt system not only remained intact, but in many cases, it grew stronger. The greater the expectations, the greater the resentment.

If you have promised good days, you must fulfill them in every area. That's why the outrage was equally intense and powerful.

The voices of those who had been waiting for such a massive protest for twelve years also joined in.

As a result of all this, another contradiction was added to the so many contradictions: a young man who had entered politics by protesting against the paper leak in Odisha and facing lathicharges had to resign from the post of Education Minister on the same issue.

This entire development changed many things...

1. Education Minister - Prahlad Joshi replaced Dharmendra Pradhan.
2. The face of the movement - A multitude of young people instead of any prominent leader or social worker.
3. Opposition - Despite all efforts, all we could do was talk to the spokespersons of a new party, which hasn't even been registered yet.
4. Movements—a new definition. Purity of both means and ends isn't necessary. Disciplined individuals, invited or uninvited, donning khadi-clad hymns and chanting predetermined slogans aren't. Even young people, eating burgers and biryani, playing drums, and making reels, can protest.
5. Government—From no resignations to resignations. Much has changed. Change should be visible. Questions must be answered, if not in press conferences, then on the streets.

# Namvar Singh's Birth Centenary: Whose writing liberated criticism from seriousness... Whom should I call Namvar now?

Namvar Singh was at the center of Hindi literature for three decades. He liberated criticism from seriousness and made it easy and readable, thus bringing joy to writing.

Among the people I have seen, known, read, and learned from in the Hindi literary world, one name stands out: Namvar Singh. A living library, a reference book, a critic, a literary giant, a six-foot-tall man whose body, speech, and demeanor were imbued with language and culture. He was not only a leading figure in criticism but also my guru. I was the object of his affection. This affection remained uninterrupted throughout the long journey of four decades. This wealth of these four decades is one of the most valuable achievements of my life.

Once, someone asked Acharya Hazari Prasad Dwivedi, "Guruvar, which is your best work?" Acharya Hazari Prasad replied, "Namvar Singh." The greatest quality of Namvar Singh's personality was his comprehensiveness. This very quality helped him reject even the most prestigious traditions, establish his own flag, and carve a unique, high place in Hindi criticism. Every quality has its advantages and disadvantages. Namvar Singh faced considerable opposition in Varanasi for this very quality. Namvar Singh was at the center of Hindi literature for three decades. He freed criticism from seriousness and made it easy, interesting, and readable, thus giving it the pleasure of writing. Speaking began to be given more importance than writing. Seminars became more important than books, and Namvar Singh became its flag-bearer, for he was also a magician of words. But behind this was a serious scholar. He could start anywhere and end anywhere, from Mirza Ghalib to the present day. He had the same command over Kalidasa and Bhavabhuti, with the same ease with which he explained Brecht and Lushun. He was an unparalleled master of language.

His language also creates idioms, and these idioms define the boundaries of literature. He had an equally deep connection not only with criticism but also with the tradition of poetry. Very few people know Namvar Singh 'Punit'. He initially wrote poems under this name. Namvar Singh belonged to the third tradition of Hindi criticism. The first tradition originated with Acharya Ramchandra Shukla, the second with Acharya Hazari Prasad Dwivedi, and the third with him. Shukla is the father of Hindi criticism. Acharya Dwivedi expands it. Namvar Singh sharpens it. Namvar Singh may have been Delhi, but his emotional center was always Banaras. The Banarasi soil that shaped Namvar Singh was full of the inexhaustible essence of creativity. It possessed the courage of Kabir, the folk element of Tulsi, the sociology of Premchand, and the scholarship of Acharya Hazari Prasad Dwivedi. When all these elements come together, Namvar Singh becomes Namvar Singh. This identity remained with him throughout his life. Banaras and paan were both his weaknesses. Namvar Singh's name carries the word 'var' (blessing). It is a blessing of fame, will to live, and popularity. His passing marks the end of the most vigilant, alert, widely read, and communicative tradition of Hindi criticism. We are entering the centenary year of Namvar Singh's birth. At this time, a festoon of Namvar Singh's achievements, personality, and work is being erected. His scholarship is being celebrated. His knowledge is being praised. But above this entire canopy, there is a cloud of emptiness. I see this absence in Hindi like an orphan child running in the sun. Truly, it takes a long time for a Namvar to be born.

# शिवालयों में आस्था का सैलाब, तड़के चार बजे से जलाभिषेक शुरू, सीसीटीवी और जटायु ड्रोन से निगरानी

## सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, सुरक्षा के मद्देनजर हाईवे पर रूट डायवर्ट



सावन के पहले सोमवार को मुरादाबाद के शिवालय बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने चौरासी घंटा मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया। मुरादाबाद में सावन के पहले सोमवार पर तड़के से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह चार बजे से मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हो गया। चौरासी घंटा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िये गंगाजल लेकर पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। उधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरों और जटायु ड्रोन से निगरानी की जा रही है। प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

हरिद्वार, ब्रजघाट और अन्य गंगाघाटों से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने सुबह से ही अपने-अपने आराध्य शिवालयों में जलाभिषेक किया। कई कांवड़िये डाक कांवड़ लेकर भी मंदिर पहुंचे। चौरासी घंटा मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।चामुंडा मंदिर समेत कई शिवालयों में लगी कतार- बांग्ला गांव स्थित चामुंडा मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। नट बाबा मंदिर में भी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु कांवड़ में लाए गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंचे।आवास विकास स्थित सत्यम शिव मंदिर में भी सुबह से जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा की। शहर के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण मंदिरों में सुबह से ही माहौल भक्तिमय बना रहा।

देर रात तक मंदिरों में पहुंचते रहे कांवड़िये- सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक के लिए रविवार को ही शहर के कटघर, खुशहालपुर, लाइनपार, बुद्धि विहार समेत कई इलाकों से श्रद्धालु कांवड़ लेकर गंगाघाटों की ओर रवाना हुए थे। कांवड़ यात्रा के दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रास्तेभर शिव भजनों और बम-बम भोले के जयघोष से माहौल शिवमय रहा। हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़िये रविवार देर रात और सोमवार तड़के तक शहर में पहुंचते रहे। इसके बाद कांवड़ियों ने चौरासी घंटा मंदिर, झारखंडी मंदिर, महाकालेश्वर धाम, गंगा मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया।फूलों से सजे मंदिर- पहले सोमवार को लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों को फूलों से सजाया गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पेयजल, सफाई, बैरिकेडिंग और अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और विशेष पूजन के आयोजन भी किए गए। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिरों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया और जलाभिषेक का क्रम जारी है।सावन के चार सोमवार, आज पहला- इस वर्ष सावन का पहला सोमवार तीन अगस्त को है। इसके बाद 10, 17 और 24 अगस्त को सावन के सोमवार पड़ेंगे। पहले सोमवार को लेकर कई दिन से श्रद्धालुओं में उत्साह था। गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों और स्थानीय श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने से शहर के शिवालयों में सुबह से ही आस्था का सैलाब नजर आया।

सावन के प्रथम सोमवार पर रामपुर के भमरौआ, पातालेश्वर रठौंडा और अन्य शिव मंदिरों में %हर-हर महादेव% के जयकारों के साथ जलाभिषेक हुआ। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष डायवर्जन व्यवस्था लागू की है।सावन मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों ने जयकारों के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया। प्रात: 4:30 बजे शिवालयों के कपाट खोल दिए गए। हालांकि, इससे पहले मंदिरों के बाहर भक्तों की कतारें लग गईं थीं। मंदिरों में सुबह 10 बजे श्रृंगार आरती हुई। हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने पातालेश्वर रठौंडा मंदिर, भमरौआ मंदिर, ओम नागेश्वर मंदिर पंजाबनगर, लक्खी बाग शिव मंदिर के अलावा अपने-अपने गांवों के शिवालयों में भी भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

शिवालयों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के बीच शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों के बाहर तड़के से ही शिव भक्तों की कतारें लग गई थीं। मंदिरों के कपाट खुलने के बाद शिव भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया। अधिकांश कांवड़िये देर रात को शिवालयों में पहुंच गए थे लेकिन, सोमवार की सुबह भी कांवड़िये कांवड़ में जल लेकर शिवालयों की ओर बम-बम भोले के जयकारों के साथ बढ़ते रहे। इसके अलावा कांवड़ियों के जत्थों के साथ पिकअप में लगे डीजे पर भोले के भजन बजते रहे और पूरा माहौल शिवमयी हो गया। इसके अलावा शिव भक्त डाक कांवड़ भी लाते रहे। जिसमें दौड़कर मंजिल तक पहुंचना होता है।

शिवालयों के आसपास लगे हैं मेले- सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों के आसपास मेले भी लगे हैं। जिसमें बच्चों के झूलने के लिए झूले और चाट पकौड़ी की दुकानें लगी हैं। मेले में सुबह से ही भीड़ हो गई और लोगों ने गन्ने का जूस, पानी, पूरी, टिक्की बताशे खूब खाए। मेले में शिव भक्तों की काफी भीड़ रही। हाईवे पर रूट रहा डायवर्ट - पुलिस अधीक्षक अनिल सिसोदिया और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने कांवड़ रूट एवं डायवर्जन व्यवस्था का सोमवार की सुबह को जायजा लिया। सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कहा कि रूट पर किसी भी वाहन को पास हीं होने दिया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोमवार रात 8 बजे से रूट डायवर्जन को खत्म करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर जिले के तमाम शिव मंदिरों के आसपास पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# प्रमोद कृष्णम का विपक्ष पर वार: बोले- CJP के देशद्रोहियों को जनता माफ नहीं करेगी, ओवैसी को वंदे मातरम् पर घेरा

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मुरादाबाद में विपक्ष पर तीखा हमला बोला, ओवैसी को वंदे मातरम् पर घेरा और पप्पू यादव के प्रदर्शन को काकरोच पार्टी का हुड़दंग बताया। उन्होंने मौलाना जर्जिस के बयानों की निंदा करते हुए सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर दिया।आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विपक्ष और ओवैसी पर साधा निशाना- पप्पू यादव के संसद प्रदर्शन को काकरोच पार्टी का हुड़दंग बताया- सनातन संस्कृति हेतु संस्कारयुक्त शिक्षा पर दिया जोर कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को मुरादाबाद में कई समसामयिक मुद्दों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सच्चा मुसलमान पांच बार वंदे मातरम् करता है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को इसे समझना चाहिए। उनका यह बयान ओवैसी की उस टिप्पणी के जवाब में आया, जिसमें वंदे मातरम् को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने संसद के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन और सांसद पप्पू यादव की भूमिका पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि काकरोच पार्टी के हुड़दंग को आंदोलन मत कहिए। आचार्य ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने हुड़दंग करने वालों को बच्चा समझकर माफ कर दिया। उन्होंने बुद्ध की करुणा, महावीर की अहिंसा और



महात्मा गांधी के सत्य को आत्मसात करते हुए विराट हृदय दिखाया। जिन्होंने उनके माता-पिता तक को अपशब्द कहे, उन्हें भी उन्होंने क्षमा कर दिया, लेकिन देश की जनता इन काकरोच पार्टी के देशद्रोहियों को कभी माफ नहीं करेगी।ओवैसी, पप्पू यादव के संसद भवन के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन पर साधा निशाना- आचार्य प्रमोद कृष्णम आशियाना स्थित दिव्य लोक आश्रय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद पप्पू यादव के साधु वेश में किए गए प्रदर्शन को भी प्रमोद कृष्णम ने आड़े हाथों लिया। कहा कि यदि उन्हें अभिनय करना है तो नेशनल स्कूल आफ ड्रामा में जाना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रामलीला में वे कालनेमी, खर-दूषण, मेघनाथ या रावण का पात्र निभा सकते हैं, लेकिन सनातन की आस्था का अपमान करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।ओवैसी को समझना चाहिए, सच्चा मुसलमान पांच बार वंदे मातरम् करता है आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मौलाना जर्जिस के विवादित बयानों पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दूसरे धर्म का अपमान करता है, वह इस्लाम की सही शिक्षा का पालन नहीं करता। मौलाना जर्जिस को इस्लाम की सही तालीम लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्हें सद्बुद्धि मिले और उनकी गलतियों को क्षमा किया जाए। देश के अभिभावकों से भी उन्होंने विशेष अपील की।प्रमोद कृष्षम ने कहा कि यदि भारत की संस्कृति, सभ्यता और सनातन परंपरा को सुरक्षित रखना है तो बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा तक सीमित न रखें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को काकरोच मत बनने दीजिए, उन्हें गुरुकुल का रास्ता दिखाइए। संस्कारयुक्त शिक्षा ही राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा कर सकती है।सुधांशु महाराज ने भी मौलाना के बयान की निंदा- प्रसिद्ध संत सुधांशु महाराज ने भी मौलाना जर्जिस के बयान की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को अनावश्यक महत्व नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज संयम बनाए रखे, जबकि सरकार को धर्म और आस्था का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। संसद के बाहर हुए साधु वेश वाले प्रदर्शन को उन्होंने अनुचित बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को नाटक का मंच नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने देशभक्ति को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हर नागरिक का पहला कर्तव्य अपनी मातृभूमि का सम्मान और उसकी रक्षा करना है।

# मुरादाबाद में दिनदहाड़े खौफनाक वारदात: गन्ने के खेत से अचानक निकला तेंदुआ और ले ली महिला की जान

मुरादाबाद के लालापुर पीपलसाना गांव में सोमवार दोपहर गन्ने के खेत में घात लगाए तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर उसे मार डाला। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई और ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त किया है।ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना में सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। गांव निवासी संतोष देवी वीरेंद्र सिंह सोमवार दोपहर पशुओं के लिए चारा लेने खेतों की ओर गई थीं। बताया जा रहा है कि वह गन्ने के खेत के पास पहुंचीं, तभी पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। तेंदुए ने उन्हें संभलने तक का मौका नहीं दिया।संतोष देवी की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और परिजन मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका था। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में ही ओझल हो गया।जब तक लोग महिला के पास पहुंचे, उनकी मौत हो चुकी थी। दिनदहाड़े हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर तेंदुए के पैरों के निशानों की तलाश की। आसपास के गन्ने के खेतों में कांबिंग कराई जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर पिंजरा लगाने और रेस्क्यू अभियान चलाने की तैयारी भी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी देखी जा रही थी। कई बार खेतों के आसपास तेंदुए के पदचिह्न और आवाजाही की सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को तत्काल पकड़ने, प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता देने और क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना के बाद लालापुर पीपलसाना और आसपास के गांवों में भय का माहौल है तथा लोग अकेले खेतों में जाने से बच रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस टीम पर बोला हमला और वर्दी फाड़ी, 3 महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**दहेज उत्पीड़न के मामले में जांच करने पहुंची थी सोनकपुर थाना पुलिस, आरोपियों के पक्ष ने कर दी मारपीट**

मुरादाबाद में दहेज उत्पीड़न मामले की जांच करने गई सोनकपुर पुलिस टीम पर आरोपियों ने ईंटों से हमला कर दिया। मारपीट, सरकारी काम में बाधा डालने और वर्दी फाड़ने के आरोप में पुलिस ने 3 महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना मझोला पुलिस ने थाना सोनकपुर से विवेचना में आए वरिष्ठ उप निरीक्षक ऋषिपाल और एक महिला सिपाही पर विवेचना के दौरान मारपीट और पुलिस की वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया। इसके आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और सरकारी दस्तावेज व पुलिस के साथ मारपीट करने और वर्दी फाड़ने के आरोप में तीन महिलाओं समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने रविवार को बताया कि थाना सोनकपुर से वरिष्ठ उप निरीक्षक ऋषिपाल सिंह और एक महिला सिपाही एक दहेज पीड़िता के साथ दुष्कर्म के मुकदमे में गांव अलीनगर से संबंधित विवेचना थाना मझोला के गांव मलकद्दा में आए थे। इस दौरान पीड़िता, उसकी मां और खलेरा भाई भी साथ थे। तभी दिलदार पुत्र मसीत, हुरन पत्नी मसीत राहिल पुत्री मसीत शाहेरुन पुत्री मसीत निवासी मलकद्दा थाना मझोला ने मिलकर गाली गलौज कर पुलिस और पीड़िता के मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।बीच बचाव कर रहे उप निरीक्षक ऋषि पाल और महिला सिपाही डोली के सरकारी कार्य में बाधा डालने लगे। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से ईंट से हमलावर हो गए। अभद्र व्यवहार करते हुए सरकारी दस्तावेजों को फाड़ डाला अपशब्द बोलते हुए लात घूंसे मारने व धक्का-मुक्की करने मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के मामले में आरोपी अभियुक्त दिलदार ने डोली की वर्दी फाड़ देने व उप निरीक्षक की नेम प्लेट तोड़ने व वर्दी फाड़ देने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही दिलदार समेत चारों आरोपियों को पुलिस मौके से पकड़ कर थाने ले आई। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### सोते समय भी सुरक्षित नहीं! घर में घुसकर बंदर ने युवक को काटा, 20 लोग हो चुके हैं शिकार

मुरादाबाद में एक हिंसक बंदर का आतंक बढ़ गया है, जिसने घर में घुसकर सो रहे हिमांशु सहित पिछले एक महीने में करीब 20 लोगों को काटा है। वन विभाग और नगर निगम के बीच जिम्मेदारी को लेकर तालमेल की कमी से लोग परेशान हैं और जल्द बंदर को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।आशियाना फेज-2 स्थित दिव्य लोक आश्रम के पास हिंसक बंदर का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार तड़के करीब 1:30 बजे एक बंदर घर में घुस गया और सो रहे हिमांशु पर हमला कर उसे काट लिया। जांघ और हाथ समेत कई जगह काटा है।हिमांशु जिला अस्पताल में भर्ती है। इसी क्षेत्र के रहने वाले पड़ोसी दीपक भी बंदर के हमले का शिकार हो गए। दीपक ने बताया कि वह छत पर कपड़े फैलाने गए थे, तभी बंदर ने उन पर हमला कर काट लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बंदर बिना किसी छेड़छाड़ के ही लोगों पर हमला कर देता है।कालोनीवासियों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में बंदर सात से आठ लोगों को काट चुका है, जबकि बीते एक महीने में करीब 20 लोग इसके हमले में घायल हुए हैं। लोगों में भय का माहौल है और बच्चे व बुजुर्ग घरों से निकलने में भी डर रहे हैं।हिमांशु के भाई ने वन विभाग की हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत की तो वहां से बताया गया कि बंदर पकड़ने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। वहीं नगर निगम का कहना है कि बंदरों को पकड़ने का कार्य वन विभाग का है और निगम केवल सहयोग करता है। जिम्मेदारी को लेकर दोनों विभागों के बीच तालमेल के अभाव से लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने हिंसक बंदर को जल्द पकड़ने की मांग की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मझोला के शिव मंदिर में बेलपत्र के पेड़ पर दिखा अजगर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / मझोला (पीलीभीत)। मझोला की बंद पड़ी चीनी मिल परिसर स्थित शिव मंदिर में सोमवार को बेलपत्र के पेड़ पर एक अजगर दिखाई देने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में कौतूहल का माहौल बन गया। सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे लोगों ने जब पेड़ पर अजगर को लिपटा देखा तो इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान टीम ने लोगों को अजगर से दूर रहने की सलाह दी। बाद में अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। सावन माह में भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करने की परंपरा के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में बेलपत्र के पेड़ पर अजगर दिखाई देने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। कई लोगों ने दूर से ही अजगर को देखा, लेकिन किसी ने उसके पास जाने का प्रयास नहीं किया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में जंगलों और खेतों में पानी भरने के कारण कई बार अजगर और अन्य वन्यजीव सुरक्षित स्थान की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में किसी भी वन्यजीव को देखकर घबराने या उसे पकड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी श्रद्धालु या स्थानीय व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वन विभाग की तत्परता से अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया, जिससे संभावित हादसा टल गया।

## सावन के प्रथम सोमवार पर ड्यूनीडाम चौकी में हुआ हवन-पूजन, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / अमरिया (पीलीभीत)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर अमरिया थाना क्षेत्र की ड्यूनीडाम पुलिस चौकी परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन एवं कन्या पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में सबसे पहले नौ कन्याओं का पूजन किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। दोपहर करीब 12 बजे पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

हवन-पूजन के बाद आयोजित भंडारे में पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान चौकी परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और श्रद्धालु हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयघोष लगाते रहे।

कार्यक्रम में अमरिया थानाध्यक्ष अमित सिंह, आशु कुमार, प्रदीप कुमार, आशुतोष कुमार, गन्ना एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के सेक्टर प्रभारी छत्रपाल दिवाकर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सतीश सागर, मंडल मंत्री राजकुमार, पूर्व प्रधान दलजिंदर सिंह, बलजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, रणजीत सिंह, दलवीर सिंह, गुरदयाल वर्मा, चंद्रशेन मौर्य, सोनू सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। पुलिस और आमजन की सहभागिता से आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। आयोजन के सफल संचालन में पुलिस कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे समय श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। हवन-पूजन, कन्या पूजन और भंडारे के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की गई। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय का प्रतीक बताया।

### हर-हर महादेव से गूंजा बरेली... कांवड़ियों पर बरसे फूल

## कांवड़ियों के स्वागत में बिछा रेड कार्पेट... जिला प्रशासन ने खोले सेवा के द्वार



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। श्रावण मास के पहले सोमवार पर बरेली शिवमय नजर आया। कांवड़ियों के स्वागत के लिए जिला प्रशासन ने सेवा और सुविधाओं का ऐसा इंतजाम किया कि हर शिवभक्त ने इसकी सराहना की। रामगंगा पुलिस चौकी से लेकर लाल फाटक तक विशाल भंडारा और कांवड़ सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ, जहां श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बरेली में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया। तहसील सदर के सहयोग से रामगंगा पुलिस चौकी के निकट और नगर विकास विभाग के सहयोग से लाल फाटक स्थित परशुराम मंदिर के पास विशाल भंडारा एवं कांवड़ सेवा शिविरों का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया।इस दौरान कांवड़ियों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया, उन्हें भोजन कराया गया और अधिकारियों ने स्वयं भी श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भक्तिमय बना दिया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि शिविरों में विश्राम गृह, कांवड़ स्टैंड, मोबाइल चार्जिंग, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल , मेडिकल कैंप, सुरक्षा व्यवस्था और महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत जिला प्रशासन से संपर्क करें, ताकि तत्काल समाधान कराया जा सके।

## कांवड़ यात्रा में महिला सुरक्षा का सुरक्षा कवच, बरेली परिक्षेत्र में बने 49 मिशन शक्ति सहायता केंद्र



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए बरेली परिक्षेत्र पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। शिवभक्त कांवड़ियों, खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए परिक्षेत्र के चारों जनपदों में अब तक 49 मिशन शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। डीआईजी बरेली परिक्षेत्र के निर्देशन में संचालित इन सहायता केंद्रों पर महिला सुरक्षा, शिकायतों का त्वरित निस्तारण, खोए हुए बच्चों और महिलाओं को परिजनों से मिलाना, हेल्पलाइन की जानकारी, छेड़छाड़ की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर चिकित्सा व अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही महिला पुलिस कर्मियों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी भी की जा रही है। परिक्षेत्र में कुल 82 सहायता केंद्र प्रस्तावित हैं, जिनमें से शेष केंद्रों को भी जल्द शुरू किया जाएगा। वर्तमान में बरेली में 20, बदायूँ में 9, शाहजहाँपुर में 12 और पीलीभीत में 8 मिशन शक्ति सहायता केंद्र संचालित हैं। बरेली परिक्षेत्र पुलिस की इस पहल से कांवड़ यात्रियों, विशेषकर महिला श्रद्धालुओं में सुरक्षा का भरोसा और भी मजबूत हुआ है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज बरेली में , करेंगी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर बरेली आएंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह राजधानी एक्सप्रेस से लखनऊ से प्रस्थान कर सुबह 9:10 बजे बरेली रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। रेलवे स्टेशन से राज्यपाल कार द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय जाएंगी, जहां सुबह 9:55 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम एवं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वह आंगनबाड़ी किट का वितरण भी करेंगी। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके उपरांत उनके लिए दोपहर के भोजन एवं विश्राम का कार्यक्रम निर्धारित है। दोपहर 3 बजे राज्यपाल विश्वविद्यालय से बरेली रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होंगी। 3:15 बजे स्टेशन पहुंचने के बाद वह राजधानी एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## बाल संरक्षण से महिला सशक्तिकरण तक, बिथरी चैनपुर में चला जागरूकता अभियान, बाल विवाह, बाल श्रम और दहेज प्रथा पर सख्त संदेश



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के निर्देशानुसार ब्लॉक बिथरी चैनपुर में बाल संरक्षण समिति एवं ब्लॉक टॉस्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1961 के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया।

बैठक में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, %बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ% अभियान तथा समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक बनाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना रहा।

बैठक में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कुपोषण की रोकथाम तथा बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने पर विशेष चर्चा की गई।महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार, बाल विकास पुष्टाहार विभाग तथा हक्रक्रू के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बाल विकास परियोजना अधिकारी (CDPO) श्रीमती विमला कुमारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और कुपोषण से मुक्ति दिलाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने वाली सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं का सम्मान ही एक सशक्त समाज की सबसे बड़ी पहचान है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

### संक्षिप्त समाचार

## बृज घाट से बेरनी ( बिलारी ) शिव मंदिर तक शिवभक्ति जल अभिषेक यात्रा का भव्य आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ युसूफ / श्रावण मास के पावन अवसर पर दिनांक 03 अगस्त 2026 को जिज्ञासा हॉस्पिटल के चेयरमैन



डॉ. सी. पी. सिंह के नेतृत्व में बृज घाट से बेरनी शिव मंदिर तक भव्य शिवभक्ति जल अभिषेक यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस पावन यात्रा में क्षेत्र के हजारों शिवभक्तों ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की।यात्रा का शुभारंभ ब्रज घाट से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात शिवभक्तों का काफिला गजरौला, जोया, मुरादाबाद बाईपास, कुन्दरकी बाईपास, बिलारी अम्बेडकर पार्क, गांधी मूर्ति, बिलारी कार्यालय, सहसपुर चौराहा, चौधरपुर, स्योंडारा एवं विवेटा चौराहा होते हुए बेरनी शिव मंदिर पहुँचा, जहाँ भगवान शिव का पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। डॉ. सी. पी. सिंह ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी शिवभक्तों, सहयोगियों, प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सफल आयोजन हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया। पूरे मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा, जलपान एवं स्वागत कर अभिनंदन किया गया। यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा एवं जनजागरूकता का भी प्रेरणादायक संदेश देने में सफल रहा।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया दरगाह का दौरा, परखी तैयारियां, दरगाह और उर्स स्थल इस्लामिया में बाटे गए पौधे

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। उर्स-ए-रज़वी की तैयारियां परखने को दरगाह आला हज़रत पर प्रशासनिक अधिकारियों ने



दौरा किया। दरगाह पहुंचे अपर जिलाधिकारी नगर संतोष कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिख, सीओ प्रथम आदि ने सबसे पहले दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) से मुलाकात की। उर्स से सम्बंधित कई अहम बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद तैयारियों को परखा। बड़ा आयोजन है तैयारियां भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। उर्स स्थल इस्लामिया मैदान पर भी तैयारियां दरगाह इंतेज़ामियां अपने स्तर से और नगर निगम अपने स्तर तैयारियां पूरी करने में लगा है। इस मौके पर हाजी जावेद खान,परवेज़ नूरी,औरंगजेब नूरी,ताहिर अल्वी,अजमल नूरी आदि मौजूद रहे। उधर टीटीएस के मंज़ूर रज़ा,युनुस गद्दी व नईम नूरी ने जायरीन के ठहरने व लंगर वाले स्कूलों का दौरा कर व्यवस्था देखी। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स में सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की अपील पर सामाजिक कार्य भी किए जा रहे है। पौधे वितरण में ताहिर अल्वी,नासिर कुरैशी,मंज़ूर रज़ा,साजिद रज़ा,नईम नूरी,अब्दुल अहद,शाद रज़ा,अरवाज़ रज़ा,हाजी शकील आदि लोग शामिल रहे।

# 3 हजार के इनामी फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा, पिस्टल और कार जब्त



क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। अमोला थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 32 बोर की अवैध पिस्टल, जिंदा राउंड एवं एक बलेनो कार जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 15 मई 2026 को थाना अमोला में ग्राम नयागांव निवासी पर्वत सिंह वैश की शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि जय प्रताप सिंह राजावत उर्फ छोटू (26) निवासी ग्राम कडूरा, इंदरगढ़ (जिला दतिया) घटना के बाद से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को भितरवार (ग्वालियर) से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त बलेनो कार, 32 बोर की अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी अमोलपठा उपनिरीक्षक अंजली सिंह, आरक्षक राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, भगवान सिंह, आकाश भदौरिया, सुनील रावत एवं साइबर सेल के आरक्षक जलज रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 90 वाहनों के चालान, 45 हजार रुपये जुर्माना वसूला





क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष अभियान के तहत सोमवार को शिवपुरी पुलिस ने व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 90 वाहनों के चालान काटे गए तथा 45 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति के मार्गदर्शन में यातायात थाना एवं जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, आवश्यक दस्तावेजों की कमी तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन अपनाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

# नाथ नगरी में आधी रात के बाद से शिवालयों में गूंज रहे हर-हर महादेव के उद्घोष





क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। सावन का पहला सोमवार है। नाथ नगरी-बरेली शिवमय है। आधी रात से बम-बम भोले और हर-हर महादेव के उद्घोष गूंज रहे हैं। नाथ मंदिरों के बाहर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की लंबी कतारें लग गईं। आरती के बाद जलाभिषेक किया। सातों नाथ मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ शाम तक उमड़ती रही । सोमवार को जलाभिषेक को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। शहर में पुलिस अलर्ट दिखी। शिव भक्तों के स्वागत के लिए शहर को पहले ही सजाया गया था। सभी प्रमुख द्वारों पर बेहतरीन सजावट की गई। कांवड़ियों के लिए शिविर लगाए गए। कांवड़ियों के जत्थों के शहर पहुंचने के साथ ही पूरा शहर शिवमय नजर आने लगा। जगह-जगह स्वागत का सिलसिला चला। उधर, मंदिर प्रबंधन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। पुलिस-प्रशासन अलर्ट - कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन की टीमें अलर्ट हैं। शहर से लेकर कांवड़ मार्गों पर पैनी नजर रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था पहले से चाकचौबंद है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा है, ताकि कांवड़ियों को कोई असुविधा न होने पाए।

# डोडा छिलका लेकर खड़े तीन आरोपियों को आंवला पुलिस ने किया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली । आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार करते हुए 66 किलो 550 ग्राम अवैध डोडा छिलका के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सावन माह के दौरान अपराध रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मोतीपुरा गांव और रामनगला के बीच तीन व्यक्ति सफेद कट्टों में डोडा छिलका लेकर सवारी का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 66 किलो 550 ग्राम अवैध डोडा छिलका, तीन मोबाइल फोन और 1,720 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस मामले में थाना आंवला पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह डोडा छिलका शाहबाद, रामपुर से खरीदकर देवचरा क्षेत्र में बेचने ले जा रहे थे। रास्ते में वाहन खराब होने के कारण वे दूसरी सवारी का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान, यात्रियों में हड़कंप

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। सोमवार सुबह कासगंज-बरेली पैसेंजर ट्रेन के इंजन में आग लग गई। लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा रेल हादसा टल गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। रेलवे ने आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घटना से रेल संचालन प्रभावित हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजन से धुआं निकलता देख लोको पायलट ने तुरंत स्थिति को भांप लिया। उसने बिना देर किए ट्रेन को रोक दिया और अपनी जान बचाने के लिए इंजन से नीचे कूद गया। देखते ही देखते इंजन से आग की लपटें उठने लगीं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। समय रहते ट्रेन रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। बोगियों से यात्री नीचे उतर आए। लोको पायलट ने तत्काल रेलवे अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी टीम और संबंधित अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए। प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। इस दौरान ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। यात्रियों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। रेलवे अधिकारियों ने इंजन में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग तकनीकी खराबी से लगी। या फिर किसी अन्य कारण से यह हादसा हुआ है। जांच दल सभी पहलुओं पर गौर कर रहा है। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने की सही वजह सामने आएगी।

# पांच बकरियों की मौत के बाद मचा हड़कंप

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। नवाबगंज क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की चर्चाओं के बीच वन विभाग ने बड़ा बयान जारी किया है। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी ने स्पष्ट किया है कि अब तक तेंदुए की मौजूदगी का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और वन विभाग का सहयोग करने की अपील की गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे नवाबगंज क्षेत्र के कुंवरपुर तुलसी पट्टी और भौआ बाजार में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए जैसे वन्यजीव के देखे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। वन विभाग की टीम ने पूरे इलाके में सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी का कोई सबूत नहीं मिला। इसी दौरान भौआ बाजार में एक ग्रामीण की पांच बकरियों के मृत मिलने की सूचना पर वन विभाग मौके पर पहुंचा। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हमला तेंदुए ने नहीं किया। बकरियों का पोस्टमार्टम कराया गया है और वन्यजीव की पहचान की प्रक्रिया जारी है। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग लगातार फुट पेट्रोलिंग कर रहा है और भौआ बाजार में एहतियात के तौर पर पिंजरा भी लगाया जा रहा है।
प्रभागीय वनाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास न करें, वन्यजीव को घेरने या उसके पीछे भागने की कोशिश न करें और यदि कोई वन्यजीव दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। साथ ही आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें, समूह में रहें और बच्चों को अकेले न भेजें।

# अपना दल ( एस ) जिला कार्यालय पर साप्ताहिक जन सुनवाई संपन्न




क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन)। अपना दल (एस) के प्रांतीय आह्वान एवं नेतृत्व के निर्देशानुसार आज सोमवार को उरई स्थित अपना दल (एस) जिला कार्यालय पर साप्ताहिक जन सुनवाई कार्यक्रम का भव्य आयो जन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी द्वारा की गई इस जन सुनवाई कार्यक्रम में जनपद जालौन के माधौगढ़ अहेता बंतोली, धंतौली आदि क्षेत्रों से आए दर्जनों ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय निवासियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से ग्राम पंचायत अहेता माधौगढ़ के ग्रामीणों द्वारा गांव की सड़कों पर जल भराव और नाले की खुदाई व सफाई को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इसके अति रिक्त बिजली सड़क नाली, राजस्व और विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के ज्ञापन प्राप्त हुये जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने उपस्थित सभी पीड़ितों और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके से ही संबंधित प्रशासनिक एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के निर्देश दिये जनसुनवाई में प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य रोहित राठौर जिला महासचिव शैलेन्द्र पाल भभुआ रामबाबू कुशवाहा विधान विधान सभा महासचिव उरई , रवीन्द्र कुशवाहा उर्फ सोनू विधानसभा उपाध्यक्ष माधौगढ़ दीपेन्द्र कुमार, विशाल कुशवाहई, राजेन्द्र कुशवाहा, लाचुरा, राजेश कुशवाहा स्यारी, श्रीपाल सिंह, श्यामसिंह रई, धनसेन, बबलू रई, अनिल राकवारई, रवीन्द्र कुमार कुशवाहा गड़िया, गोबिंद सिंह, संतोष कुमार, इरफान, सुमित अनुरागी बागी, राहुल राठौर। गुरमीत सिंह अहेता, रामबीर सिंह कर्ण सतनाम दोहरे अहेता, नीतीश कुमार घुसिया, अयोध्या प्रसाद उरई, मोहन सिंह, इमरान, सुगर सिंह पटेल, धनौरा जिला कार्य कारिणी सदस्य सचिन पाल लहारियापुरवा, प्रिंस कुशवाहा, अजय कुमार धंतौली, आकाश यादव, धंतौली, सागर यादव पदाधिकारी, राम बाबू कुशवाहा विधानसभा महासचिव उरई, कार्य कारिणी सदस्य एवं भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 अगस्त से, हर शुक्रवार लगेंगे जनसंवाद शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक %मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान% चलाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में जनसंवाद शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में प्रशासनिक अधिकारी आम नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर निराकरण करेंगे। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत %उद्यम संवाद% का भी आयोजन होगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों की लंबित स्वीकृतियों और समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा संबंधित एसडीएम को खंड स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अगस्त से जनवरी तक जिले के सभी विकासखंडों और नगर परिषद क्षेत्रों में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान का समापन 8 जनवरी 2027 को मानस भवन, शिवपुरी में आयोजित जनसंवाद शिविर के साथ होगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों, किसानों एवं स्थानीय उद्यमियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर आयोजित शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# चेहल्लुम पर शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन सतर्क, कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। चेहल्लुम शरीफ पर्व के अवसर पर 4 एवं 5 अगस्त को ताजियों के चल समारोह एवं विसर्जन के दौरान जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अर्पित वर्मा के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) अपने-अपने अनुभाग में कानून व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे तथा आवश्यकता अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की तैनाती सुनिश्चित करेंगे। वे समय-समय पर जिले की स्थिति से जिला प्रशासन को भी अवगत कराते रहेंगे। थाना देहात क्षेत्र में संयुक्त कलेक्टर अनुराग निंगवाल, प्रभारी तहसीलदार शिप्रा उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार अशोक श्रीवास्तव, थाना फिजीकल क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर शिवदयाल धाकड़, प्रभारी तहसीलदार अनिल धाकड़ एवं नायब तहसीलदार प्रतिपाल तिवारी, जबकि थाना कोतवाली क्षेत्र में तहसीलदार सिद्धार्थ भूषण शर्मा एवं प्रभारी तहसीलदार कल्पना शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले की संपूर्ण कानून व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी अपर जिला मजिस्ट्रेट दिनेश चंद्र शुक्ला को सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्क रहकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चेहल्लुम पर्व संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

# सावन में झूमकर बरसे बादल, झमाझम बारिश से सुहाना हुआ बरेली का मौसम



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। सावन में मौसम भी मस्त हो गया। बरेली में दोपहर को झमाझम बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। बारिश की फुहारों के बीच कांवड़ियों जलाभिषेक के लिए मंदिरों के बाहर कतारों में लगे रहे। सावन के पहले सोमवार को मौसम ने आमजन के साथ कांवड़ियों को बड़ी राहत प्रदान की है। वरना उमस भरी गर्मी थोड़ा तंग कर रही थी। सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए थे। बारिश की संभावना बनी थी। दोपहर होते-होते बरेली में झमाझम बारिश हो गई। इससे मौसम एकदम खुशनुमा हो गया। बरेली में अगस्त की शुरुआत के साथ ही मौसम बदला है। रविवार की रात भी बारिश देखने को मिली थी। पहले पखवाड़े या फिर यूं कहें कि सावन के पहले सप्ताह तक फिलहाल बारिश की संभावना बनी है। किसानों को बड़ी राहत - आमतौर पर सावन में बारिश की संभावना बनी रहती है। खेतों में धान की रोपाई कर चुके किसान भी बारिश की उम्मीद लगाए थे। दरअसल, सावन की बारिश गर्मी से ही राहत नहीं दिलाती, बल्कि किसानों को भी बड़ी मदद प्रदान करती है। सावन में बारिश की फुहारें किसानों में उल्लास बढ़ाने का काम करती है।

## जुझारपुरा हिंगुटा मार्ग की हालत जर्जर चलना मुश्किल अपना दल एस के नेता ओंकार सिंह ठाकुर ने देखा रोड



क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ ओंकार सिंह ठाकुर ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया कोंच(जालौन)। तहसील कोंच के ग्राम जुझारपुरा से हिंगुटा गांव को जाने वाली सड़क इस समय जर्जर हालत में पड़ी हुई है इस मार्ग पर जगह जगह छोटे बड़े गड्ढे हो गये है और इस बरसात के मौसम में गड्ढो में जल भराव हो गया है जिस कारण इस सड़क पर चलना मुश्किल है यह महत्वपूर्ण सड़क से कई गांव जुड़ते है जिसमें हिंगुटा कूड़ा खुटेला मवासा बरहल चमरुआ आदि है इस सड़क महत्पूर्ण सड़क पर करीबन बारह हजार लोगों को सीधा कोंच के लिये जोड़ती है इस साढ़े चार किलो मीटर की सड़क इतनी खराब है को पैदल चलना भी दूभर लग रहा है वाहन के निकलने के लिये भी यह सड़क परेशानी का सबब बन रही है इस जर्जर सड़क को बनबाने के लिये अपना दल एस युवा मंच के प्रदेशीय महासचिव ओंकार सिंह ठाकुर ने निरीक्षण किया और पूरी सड़क को देखा उन्होंने गांव वासियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही वह इस सड़क को बनवाने को लेकर उरई से लेकर लखनऊ तक जाएंगे और जल्द से जल्द इस जर्जर खराब रोड को बनवाने के लिये अच्छी पैरवी करेंगे ताकि यह सड़क बन सके गांव वालो ने बताया है कि इस सड़क पर स्कूली बच्चों को बहुत दिक्कत हो रही है वाहन काफी दिक्कत में निकल रहे है जल भराव की खतरनाक स्थिति से बच्चों को मुशीबत उठानी पड़ रही है अब देखना है कि इस जर्जर खराब रोड कब तक बन सकेगी।

## 12 वर्षीय बालक का शव घर के बाहर फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककरदरी में 12 वर्षीय बालक का शव घर के बाहर लगी बल्ली से फंदे के सहारे लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, ककरदरी निवासी मुकेश (12) पुत्र बिहारी लाल का शव सुबह घर के बाहर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने उसे नीचे उतारा और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी दौरान किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। असनहरिया चौकी प्रभारी विनायक सिंह तथा फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला फंदे से लटकने का प्रतीत होता है, लेकिन मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न




क्यूँ न लिखूँ सच/ बदायूँ मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित उनके कार्यालय में सोत नदी के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प विषय पर जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोत नदी के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने राजस्व विभाग को नदी के बहाव क्षेत्र का सीमांकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही नदी के पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम के लिए सघन वृक्षारोपण, जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए फसल चक्र में परिवर्तन, मनरेगा के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, ग्रे वाटर एवं सीवेज प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नदी प्रदूषण की निगरानी, डी-सिल्टेशन, जल प्रवाह प्रबंधन, भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए चेक डैम, ड्रिप सिंचाई तथा मत्स्य उत्पादन से संबंधित कार्ययोजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावों का समेकन करते हुए अभिसरण एवं कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से सोत नदी के पुनरुद्धार की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए।

बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग विनीता सिंह, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अनुज प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास, अधिशासी जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सावन के प्रथम सोमवार पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भूरेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



क्यूँ न लिखूँ सच/नीरज कुमार/ व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, स्वच्छता, पेयजल एवं यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश, निरीक्षण उपरांत भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम सरावन स्थित प्राचीन भूरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए मंदिर परिसर में व्यवस्थित बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु रखा जाए। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाए तथा कंट्रोल रूम से प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर एवं मार्गों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहे, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा शौचालयों की नियमित सफाई कराई जाए। प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट तैनात रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने तथा अग्निशमन एवं एम्बुलेंस सेवाओं को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन पूरी सतर्कता के साथ किया जाए। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा लगातार गश्त करने के निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता के साथ दर्शन-पूजन कर सकें।

निरीक्षण उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्राचीन भूरेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## 16 दिवसीय मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का समापन एवं 20 दिवसीय फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ



क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती- 62वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के दिशा-निर्देशन में डी समवाय, सुइयां में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 16 दिवसीय मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का समापन तथा 20 दिवसीय फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रहे। उनके साथ वाहिनी के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, प्रेरणा फाउंडेशन के संस्थापक श्री संजय श्रीवास्तव, प्रशिक्षणार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले ग्राम तरूशमा कार्य क्षेत्र के वाइब्रेंट विलेज जानकीनगर के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही वाइब्रेंट विलेज हेमपुर, सोनपुर एवं रानीपुर के 10 ग्रामीणों के लिए 20 दिवसीय फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को अचार, जैम एवं पापड़ निर्माण के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण तथा स्वरोजगार से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि कौशल विकास से रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं।

कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल का उद्देश्य केवल राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करना ही नहीं, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभाना है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त कौशल का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बनने तथा अपने परिवार एवं समाज की उन्नति में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों ने सशस्त्र सीमा बल एवं प्रशिक्षण से जुड़े सभी प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सावन के प्रथम सोमवार पर शिवमय हुआ चांदनी बिहारपुर, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर, सूरजपुर - सावन मास के प्रथम सोमवार पर सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। दिनभर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

चांदनी बिहारपुर सहित महुली, कोल्हुआ, रामगढ़, कछियापार, तेलाईपाथ, नवाटोला, भुंडा, लूल्ह, जुदवनिया और आसपास के गांवों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

भक्त अपने साथ गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प, फल एवं अन्य पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। अनेक श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, अच्छी वर्षा, बेहतर फसल और क्षेत्र में शांति एवं खुशहाली की कामना की।

सावन के प्रथम सोमवार का विशेष महत्व होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं ने निर्जला एवं फलाहार व्रत रखा। युवतियों ने मनचाहे वर की प्राप्ति तथा विवाहित महिलाओं ने अपने परिवार की खुशहाली और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ का पूजन किया। वहीं युवक भी पूरे उत्साह के साथ मंदिरों में पहुंचकर शिव आराधना में शामिल हुए। कई श्रद्धालु सुबह से ही उपवास रखकर पूरे दिन भक्ति में लीन रहे।

मंदिर परिसरों में सुबह से शाम तक भजन-कीर्तन, शिव चालीसा और रुद्राष्टक का पाठ होता रहा। घंटियों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और शिव मंत्रों के उच्चारण से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक भगवान शिव के दर्शन किए। मंदिर समितियों और स्थानीय युवाओं ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

सावन के पवित्र महीने में प्रथम सोमवार को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कई परिवार सुबह से ही सामूहिक रूप से मंदिर पहुंचे और बच्चों को भी धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन का प्रत्येक सोमवार भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त करने का अवसर होता है और इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। शाम की आरती में भी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में सावन के प्रथम सोमवार का पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया,

## संक्षिप्त समाचार

### चंदन कोटिया गांव मे लाखों की चोरी जेवर और नकदी लेकर फरार हुए चोर

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र के चंदन कोटिया गांव में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने-चांदी के लाखों रुपये के आभूषण और करीब 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सुबह जब परिवार के लोग नींद से जागे तो घर में रखा जेवर और नकदी से भरा बैग गायब मिला। तलाश करने पर घर के सामने स्थित बाग में बैग और अन्य सामान बिखरा पड़ा मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित ने नासिरगंज पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की तलाश जारी है।

### मवेशी से टकराई बाइक पति-पत्नी व मासूम बेटी घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ जगत राम विश्वकर्मा / श्रावस्ती थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा के मजरा रमवांपुर निवासी अखिलेश कुमार (26) पुत्र ओमप्रकाश विश्वकर्मा अपनी पत्नी रेखा (24) तथा तीन वर्षीय पुत्री सौम्या के साथ पत्नी के मायके जानकीनगर गए थे। तीनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। जमुनहा-बहराइच मार्ग पर साइनबोर्ड के पास अचानक सड़क पर आए एक मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे बाइक चालक अखिलेश कुमार, उनकी पत्नी रेखा और पुत्री सौम्या घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अखिलेश कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया, जबकि रेखा और मासूम सौम्या का उपचार सीएचसी मल्हीपुर में किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### मुख्य विकास अधिकारी नें वृक्षारोपण फैन्सिंग कार्य का निरीक्षण किया



क्यूँ न लिखूँ सच/ आज मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती गामिनी सिंगला विकास खण्ड जगत के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम पंचातय उनौला में वृक्षारोपण फैन्सिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। दवाईयों के स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करने पर स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण मिला। पी0एन0सी0 वार्ड नम्बर 18 में समुचित साफ-सफाई का आभाव मिला। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रतिक्षालय कक्ष में पंखे खराब थे। स्वयं सहायता समूह उजाला के द्वारा भोजन की आपूर्ति की जा रही है भोजन की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए गए। एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिए गए कि निरीक्षण में पाई गई कमियों का निराकरण कराकर फोटो युक्त अनुपालन आख्या उपलब्ध कराएं साथ ही ग्राम पंचायत उनौला में वृक्षारोपण फैन्सिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस कार्य को 01 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए। निरीक्षण के दौरान श्री प्रवीन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, जगत मौजूद रहे।

### कोंच कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह ने चार्ज संभाला, क्षेत्र में जुआ सट्टा किसी सूरत में नहीं होने देंगे निगवेंद्र प्रताप सिंह



क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन)। आज कोतवाली के नये प्रभारी निरीक्षक के पद पर इंसपेक्टर निगवेंद्र प्रताप सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।एक मुलाकात में नये कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि वह जनपद बांदा मूल निवासी है और जिले के कई थानों में बतौर चार्ज में रहे है उन्हें बताया है कि इससे पूर्व वह क्राइम ब्रांच उरई में तैनात थे प्रभारी निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि क्षेत्र में किसी तरह का जुआ सट्टा नहीं होने देंगे और जो लोग इस कार्य में लिप्त है उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्य वाही करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का पूरा सम्मान रखा जावेगा गलत कार्य करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे भी जावेंगे बता दे कि पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कोंच के कोतवाल ब्रजेश बहादुर को लाइन हाजिर कर दिया है।

# Don't buy an umbrella solely based on its color and price; these 5 mistakes can prove costly.

**To buy a good umbrella, consider the frame's strength, fabric quality, the correct size, the handle's grip, and the opening and closing mechanism, rather than its price. This ensures its longevity and provides better protection from rain. With the arrival of the rainy season, umbrellas become a daily necessity. Whether going to work, college, shopping, or traveling, a good umbrella provides protection from both rain and strong sunlight. However, when buying a new umbrella, people often make decisions based solely on its color, design, or low price. These small mistakes can lead to problems later. Often, a new umbrella breaks within a few days, flips over in strong winds, or fails to provide adequate protection from rain. The market today offers numerous options, from small folding umbrellas to large golf umbrellas and windproof models. Therefore, choosing the right umbrella requires considering not just its appearance, but also its strength, fabric, frame, size, and usability. If you travel daily, bike or walk to work, or live in an area that frequently receives rainfall, your needs may differ from those of a standard umbrella. If you want your umbrella to last the entire monsoon season and prove reliable in every downpour, keep a few important things in mind before purchasing. Let's explore the five most common mistakes people make when buying umbrellas, and how you can avoid them and choose a better, more durable option. Buying just for the price: A low-priced umbrella may seem like a good deal at first glance, but it's often of poor quality. A poor frame, flimsy fabric, and weak joints can cause damage quickly. Be sure to consider quality and durability along with price. Neglecting the strength of the frame and ribs: The most important part of an umbrella is its frame. If the ribs or spokes aren't strong, the umbrella could tip over or break in strong winds. Fiberglass or sturdy metal frames perform better over the long term. Not choosing the right size for your needs - Many people end up buying a small, lightweight umbrella, which doesn't provide adequate protection in heavy rain. On the other hand, an overly large umbrella can be difficult to carry in their bag every day. Before buying, consider whether you plan to carry the umbrella with you daily, use it on your bike, or share it with family. Neglecting the fabric and water-resistant quality - The fabric of an umbrella is just as important as its frame. Good quality, water-resistant fabric allows water to slide off quickly and dries quickly. This reduces the risk of odors, mold, and prolonged moisture in the umbrella. Buying without checking it - Many people buy umbrellas just by looking at the packaging. Before buying, open it and check that it opens and closes easily. Check that the handle is comfortable, the locking system is working properly, and that any rods are not bent. This can prevent problems later.**




## गड्ढों में गुम विकास, बरेली के ग्राम चावड़ का मुख्य मार्ग बना दल-दल, हर दिन खतरे में स्कूली बच्चों की जान

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। जनपद के ग्राम चावड़ की हकीकत और तस्वीरें कुछ और ही बयां कर रही है। गांव का मुख्य मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिनमें लगातार जलभराव रहने से लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। आए दिन बच्चे फिसलकर गिर जाने का डर बना राहत हैं ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव का मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग और स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरते हैं।



बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाती है। कई स्थानों पर यह पहचानना भी मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। मजबूरन लोग पानी और कीचड़ से होकर निकलने को विवश हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर लंबे समय से जलभराव बना रहने के कारण आसपास गंदगी फैल गई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने की संभावना है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ई बार दोपहिया वाहन चालक भी गड्ढों में फंसकर गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से कहां है लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ केवल आश्वासन दे दिया जाता है जबकि सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग का जल्द से जल्द मरम्मत व नालियों का निर्माण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। उनका कहना है कि विकास योजनाओं का लाभ गांव तक तभी पहुंचेगा, जब मूलभूत सुविधाएं बेहतर होंगी। फिलहाल ग्राम चावड़ का यह मुख्य मार्ग विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है अब देखना होगा कि ग्राम प्रधान ग्रामीणों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कब तक कर पाता है।

## 9 अगस्त से 17 अगस्त तक तिरंगे के रंग में रंगेगा बरेली, हर घर तिरंगा - 2026 को जनआंदोलन बनाने की तैयारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली । हर घर तिरंगा अभियान-2026% पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ 9 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक मनाया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभियान %वंदे मातरम्% के 150वें वर्ष को समर्पित होगा। अभियान के तहत तिरंगा रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, प्रदर्शनी और विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ सामूहिक %वंदे मातरम्% का गायन भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा ध्वज संहिता का पालन करने की अपील की। साथ ही नागरिक सेल्फी विद तिरंगा और वंदे मातरम् के वीडियो www.harghartiranga.com पर अपलोड कर अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने जनपद वासियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।




## Give your child a new taste every day in their school lunch box, make 10 quick and tasty recipes.

**What are the best vegetarian recipes for school lunches? If you want to provide something new, healthy, and delicious in your children's lunch box every day, these 10 vegetarian lunch box ideas are excellent options. Every morning, almost every parent faces the same question: what should they put in their children's lunch box today? If the same paratha, bread, or simple vegetable dish keeps their children returning their lunch box, then worry no more. Children love food that is both tasty and visually appealing. A colorful, healthy, and fun lunch box increases their enthusiasm for eating. Nutritionists now also agree that children's meals should include a balance of different colored vegetables, proteins, carbohydrates, and healthy fats. This improves their growth, immunity, and energy. The good news is that healthy food doesn't always have to be boring. With a little creativity and easy recipes, you can create a lunch that your kids will happily finish. Here are 10 super tasty, completely vegetarian school lunch ideas that are easy to prepare, time-efficient, and perfect for busy parents. These recipes are not only full of flavor but also provide children with a new taste and excellent nutrition every day. Rainbow Vegetable Mini Idlis - Idlis are a healthy and delicious recipe. They're easy to make and children will love them. If you'd like, you can make colorful idlis so their children will be delighted when they open their lunch boxes. These rainbow vegetable idlis are also high in nutrition. They're made with vegetables, making them light, easily digestible, and nutritious. Ingredients: Idli Batter: Spinach, Carrots, Beetroot, Peas, Butter, and Mild Seasoning. Method: Step 1: To make different colored idlis, boil or lightly roast the vegetables and grind them. Step 2 - Prepare the idli batter there as well. Step 3 - You can do this preparation the night before. Step 4 - To prepare your child's lunch, simply add color to the batter by adding different vegetables. Step 5 - Make idli batter for green color, for example, green color with spinach, orange color with carrots, and red color with beetroot. Step 6 - Steam it. Step 7 - Your colorful, healthy, and delicious idlis are ready. Step 8 - Pack your lunch box with peanut or coconut chutney or ketchup. You can also make rainbow idli in other ways. Step 1 - Lightly fry carrots, peas, and bell peppers. Step 2 - Add the pre-prepared mini idlis and toss. Step 3 - Drizzle a little butter on top. Step 4 - Mix the peri-peri masala and keep it in your tiffin. Paneer Corn Pockets: This is a protein-rich dish. It's crispy on the outside and soft on the inside. Eating it keeps you full for a long time, and children definitely love this dish. Ingredients: Bread, paneer, grated sweetcorn, boiled cheese, black pepper, and salt. Method: Step 1: Prepare the filling by thoroughly mixing the paneer, sweetcorn, cheese, and spices. Step 2: Roll the bread out thinly and flat with a rolling pin. Step 3: Place the filling in the center of the bread, fold it over, and coat the edges with a layer of flour to form a pocket. Step 4: Bake it on a pan until golden brown. You can also bake it in an air fryer. Step 5: Can also be deep-fried. Semolina Pizza Bites: Children love pizza, but you can make a healthy pizza at home using semolina instead of flour. It uses less oil and tastes great. Ingredients: Semolina, bell peppers, onions, tomatoes, sweetcorn, cheese. Method: Step 1: Prepare the semolina batter. Step 2 - Add vegetables. Step 3 - Make small bites and bake them. Step 4 - Add grated cheese on top. Veg Pasta Tiffin Cups: Most children love pasta, and they'll surely love this tiffin box recipe made with it. It's packed with vegetables and looks very attractive. A lunch like this will make your child empty their entire tiffin box. Ingredients: Wheat pasta, carrots, bell peppers, sweetcorn, oregano, chili flakes, and salt. Method: Step 1 - Boil wheat pasta. Step 2 - Add colorful vegetables to it. Step 3 - Top with cheese and set in small cups. Beetroot Paratha Rolls: This dish is rich in iron. Its beautiful pink color is loved by children and is very tasty to eat. Ingredients: Beetroot, wheat flour, paneer or vegetables like onion, peas, carrots, salt, ghee or butter. How to Make: Step 1 - Peel and grind the beetroot. Step 2 - Mix it with flour and knead it. Step 3 - Roll out this pink dough into rotis. Step 4 - Bake it like a paratha. Step 5 - Add cheese or lightly fried vegetables to the prepared paratha and make a roll. Cheesy Wet Pinwheel Sandwiches: This can be prepared effortlessly. It has a party-like look and is very appealing to children. Ingredients: Bread, Cheese, Vegetables (Tomato, Carrot, Bell Pepper, Onion) Method: Step 1 - First, roll out the bread slices. Step 2 - Spread the cheese and vegetables on it. Step 3 - Roll the bread slices. Step 4 - Cut into small pinwheels. Sweet Potato Tikki Bites - This is a healthy alternative to refined snacks. Children love the sweet taste, so you can pack this in your tiffin. Method: Step 1 - Boil the sweet potatoes. Step 2 - Now, add salt and seasoning of your choice. Add spices like mango powder, chili flakes, or black pepper powder, and roasted ground cumin. Step 3: Form the mixture into tikkis. Step 4: Fry them in a pan until lightly golden brown. Spinach Cheese Appe: This dish is very healthy, containing spinach, which is a source of iron. Cheese contains calcium and is prepared in less oil. Method: Prepare idli batter using semolina or rice flour. To make the batter, mix water, salt, and Eno with semolina. Grind the spinach and add it. Add cheese to the batter. Cook the appe in a pan. Coconut Carrot Rice: This dish is light and delicious for children's lunch. The coconut aroma enhances the flavor, and carrots are also nutritious due to their vitamin A content. Ingredients: Cooked rice, grated coconut, finely chopped carrots, salt, and mild seasoning. How to make: Step 1: Take cooked rice. Step 2: Add a little ghee and fry the coconut and carrots. Step 3- Mix rice in it and add salt and light spices.**



# Kirti Kulhari becomes victim of cyber fraud, files police complaint after being duped of lakhs of rupees



Bollywood actress Kirti Kulhari was cyber-frauded. Fraudsters stole lakhs of rupees from her credit card. Kirti Kulhari filed a police complaint regarding the matter and the police have launched an investigation. Actress Kirti Kulhari has been subjected to cyber fraud. Unknown criminals gained unauthorized access to her mobile phone and credit card and defrauded her of ?243,852 in just a few minutes. Based on the actress's complaint, Amboli police have registered a case and launched an investigation. The actress blocked her credit card upon discovering the fraud. According to IANS, Kirti has filed an FIR in this matter. The FIR states that she was cyber-frauded at around 9:31 pm. She was at the Cinepolis Theatre, located near the Fun Republic Mall in Andheri West. Meanwhile, she received an alert message on her mobile number regarding a $2,525 transaction with Aeromexico Airlines using her bank's credit card. Upon receiving the message regarding an unknown and suspicious foreign transaction, the actress immediately contacted the bank's toll-free helpline. After investigating, bank officials confirmed that four separate large transactions had been made using her credit card without her permission, following which the card was immediately blocked as a security measure. The actress's credit card was hacked. In her statement to the police, she stated that her credit card password was strictly confidential and she had not shared it with anyone. It is suspected that her phone and card were hacked through digital malware or spyware. Given the seriousness of the matter, Amboli police have registered a case against an unknown suspect. The Cyber ??Cell team is searching for the accused based on bank reference numbers and digital footprints. Kirti Kulhari has been in the news for these films - On the career front, Kirti Kulhari has delivered powerful performances in hit films like "Pink," "Uri: The Surgical Strike," "Indu Sarkar," "Mission Mangal," and "Criminal Justice." She recently appeared in the series "Shekhar Home."



# Amid the CJP controversy, a video of Kangana partying goes viral, drawing criticism from users; some defend her.

Amidst the controversy between Kangana Ranaut and Saurav Das, an old video of the actress has surfaced. Users are divided on the video, with some criticizing her, while others are defending her. Amidst BJP MP and actress Kangana Ranaut's "gutter generation" comment against Gen Z, an old video of her has surfaced. This video, from 2018, shows Kangana at a Cannes Film Festival afterparty. Many users have commented on it. Kangana and Saurav's controversy: Kangana Ranaut recently criticized Cockroach Janata Party (CJP) spokesperson Saurav Das. The actress questioned his claim to be a student and called him completely useless and unemployed. These comments came after criticism of his comments on the CJP-led NEET protests. What's in the viral video? Amidst all this, an old video of the actress has surfaced. In the video, the actress can be seen dancing and partying in a black dress. The video received mixed reactions in the comments section. While some users trolled Kangana and pointed out the difference between her carefree demeanor in the clip and her views, others defended her. Users' comments: One user wrote, "She said that today's girls, or Gen Z, are drug addicts, can't study properly, and can't be good homemakers. She thinks the same about others, so what's wrong with mocking her in this dance clip?" Another user wrote, "I personally don't like Kangana's thinking. She's a very good actress, but her thinking seems very bad. However, don't demean her. Don't stoop to her level." Users' defense: Another user defended the actress, writing, "So what? She is enjoying her life, she is well settled, besides she is not abusing or harming anyone, what is the problem in that?' Another person echoed the same sentiment and wrote, 'She is dancing and having fun, what is wrong in that? She is not abusing or harming anyone. She is truly a wonderful woman.' Kangana and Saurav Das's war of words - Kangana's war of words started earlier this week when Das criticized the actress, saying that even members of her own party do not take her seriously. In a series of Instagram stories, Ranaut questioned Das's abilities as a student and called him useless and unemployed.

# Photos of Justin Trudeau and Katy Perry's private moments go viral, prompting angry users to criticize them, saying they're both weird.



Former Prime Minister Justin Trudeau and singer Katy Perry were spotted in an awkward situation. Some users liked their appearance, while others criticized them. Let's find out what the whole matter is. Former Canadian Prime Minister Justin Trudeau and singer Katy Perry are in a relationship. Rumors of their dating began in mid-2025, and later, through public appearances and Instagram posts, both confirmed they were together. Now, photos of them are going viral on social media, showing Justin applying sunscreen lotion to Katy's body. What's in the viral photos? According to reports, the two are vacationing in France, and the viral photos have become a topic of discussion. In one photo, the politician can be seen applying lotion under the singer's top. Their love has caught the attention of netizens. Users commented: "I'm afraid Justin Trudeau and Katy Perry might have sex in public one day. They're really weird." Another user wrote, "These new photos of Katy Perry and Justin Trudeau have surfaced. I wasn't prepared for this. The sunscreen moment alone has shocked people. It's been a year, and they're still like this." Reacting to the photos, a netizen tweeted, "Justin and Katy Perry's bond is unimaginable. The way he applies sunscreen to her shows how close they are." The actor is 13 years older: It's always said that age is just a number, but if we look at the age difference between Justin and Katy, Justin is 13 years older than Katy. Justin is 54, and Katy is 41. Although they've reportedly been dating for a year, it will be interesting to see if they'll get married soon or continue dating. Trudeau and Perry's previous marriages: Justin was previously married to Sophie Gregoire. The former couple separated in 2023. Katy married Russell Brand in 2010, but they divorced in 2012.